CAREERINDIA

**SET – 3**

**Series : SGN/C**

**कोड नं.**
**Code No.** **59/3**

**रोल नं.**
**Roll No.**

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **12** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **27** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **12** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **27** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

www.ca

# राजनीति विज्ञान

# POLITICAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

*Time allowed : **3** hours* *Maximum Marks : **100***

CAREERINDIA

सामान्य निर्देश :

*(i)* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न-संख्या* ***1–5*** *तक प्रत्येक प्रश्न* **एक** *अंक का है । इन प्रश्नों का प्रत्येक उत्तर* ***20*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(iii)* *प्रश्न-संख्या* ***6–10*** *तक प्रत्येक प्रश्न* **दो** *अंकों का है । इन प्रश्नों का प्रत्येक उत्तर* ***40*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(iv)* *प्रश्न-संख्या* ***11–16*** *तक प्रत्येक प्रश्न* **चार** *अंकों का है । इन प्रश्नों का प्रत्येक उत्तर* ***100*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(v)* *प्रश्न-संख्या* ***17*** *से* ***21*** *तक प्रत्येक प्रश्न* **पाँच** *अंकों का है । इन प्रश्नों का प्रत्येक उत्तर* ***150*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(vi)* *प्रश्न-संख्या* ***21*** *मानचित्र पर आधारित प्रश्न है । इसका उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।*

*(vii)* *प्रश्न-संख्या* ***22*** *से* ***27*** *तक प्रत्येक प्रश्न छः अंकों का है । इन प्रश्नों का प्रत्येक उत्तर* ***150*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

**General Instructions :**

*(i)* ***All*** *questions are compulsory.*

*(ii)* *Questions number* ***1 – 5*** *are of* ***one*** *mark each. The answers to these questions should not exceed* ***20*** *words each.*

*(iii)* *Questions number* ***6 – 10*** *are of* ***two*** *marks each. The answers to these questions should not exceed* ***40*** *words each.*

*(iv)* *Questions number* ***11 – 16*** *are of* ***four*** *marks each. The answers to these questions should not exceed* ***100*** *words each.*

*(v)* *Questions number* ***17 – 21*** *are of* ***five*** *marks each. The answers to these questions should not exceed* ***150*** *words each.*

*(vi)* *Question number* ***21*** *is a map-based question. Write its answers in your answer-book.*

*(vii)* *Questions number* ***22 – 27*** *are of* ***six*** *marks each. The answers to these questions should not exceed* ***150*** *words each.*

www.careerindia.com

CAREERINDIA

1. वर्चस्व तंत्र में छुपने की रणनीति का क्या अभिप्राय है ? **1**

What does hide strategy imply within the hegemonic system ?

2. आज़ादी के समय, कांग्रेस पार्टी को 'एक सतरंगा सामाजिक गठबंधन' क्यों कहा गया ? **1**

By the time of Independence, why was the Congress Party called a 'rainbow-like' social coalition ?

3. इतिहास की सबसे बड़ी 'गराज सेल' किसे कहा गया ? **1**

What was called 'the largest garage sale' in history ?

4. 1960 के दशक में, अमरीका और सोवियत संघ में कौन सी दो महत्त्वपूर्ण संधियों पर हस्ताक्षर हुए ? **2 × ½ = 1**

In the decade of 1960s, which two significant agreements were signed by the US and the USSR ?

5. सरदार वल्लभभाई पटेल के प्रयासों से भारतीय संघ में रजवाड़ों का विलय कैसे हुआ ? **1**

How were the princely states integrated into Indian Union with the efforts of Sardar Vallabhbhai Patel ?

6. अप्रवासी और शरणार्थी के बीच अंतर को स्पष्ट कीजिए। **1 + 1 = 2**

Differentiate between a migrant and a refugee.

7. विकासशील देशों को क्योटो प्रोटोकॉल की बाध्यताओं से मुक्त क्यों रखा गया था ? **2**

Why were developing countries exempted from the requirements of the Kyoto Protocol ?

www.careerindia.com

CAREERINDIA

8. भारत और पाकिस्तान के बीच 1965 में युद्ध होने के मुख्य कारण को उजागर कीजिए। **2**

Highlight the main reason behind Indo-Pakistan War of 1965.

9. 'आसियान शैली' का अर्थ स्पष्ट कीजिए। **2**

Explain the meaning of the 'ASEAN way'.

10. आसियान द्वारा मध्यस्थता के माध्यम से क्षेत्रीय संघर्षों को समाप्त करने के कोई दो उदाहरण लिखिए। **2 × 1 = 2**

Write any two examples of ending regional conflicts through mediation by the ASEAN.

11. गठबन्धन युग के दौरान अधिकतर राजनीतिक दलों के बीच उभरती सहमति के किन्हीं चार मुद्दों का वर्णन कीजिए। **4**

Describe any four issues on which a broad consensus has emerged among most political parties of India during the coalition era.

12. स्वतंत्र भारत के पहले तीन आम चुनावों में, कांग्रेस के प्रभुत्व के लिए उत्तरदायी कारकों का विश्लेषण कीजिए। **4**

Analyse the factors responsible for the Congress dominance in the first three general elections in free India.

13. जवाहर लाल नेहरू की मृत्यु के बाद राजनीतिक उत्तराधिकार की चुनौती का परीक्षण कीजिए। **4**

Examine the challenge of political succession after the death of Jawahar Lal Nehru.

14. 1975 में राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा करने के सरकार द्वारा दिए गए कारणों का विश्लेषण कीजिए। **4**

Analyse the reasons given by the Government for declaring a National Emergency in 1975.

15. 1995 में भारत ने परमाणु-अप्रसार संधि (एन.पी.टी.) को अनिश्चित काल के लिए बढ़ाने का विरोध क्यों किया ? **4**

Why did India oppose the indefinite extension of the Non-Proliferation Treaty (NPT) in 1995 ?

www.careerindia.com

CAREERINDIA

16. वीटो शक्ति को नकारात्मक वोट क्यों कहा जाता है ? क्या वीटो प्रणाली को समाप्त कर देना चाहिए या नहीं ? अपने उत्तर के पक्ष में उपयुक्त तर्क दीजिए । **2 + 2 = 4**

Why is Veto power called a negative vote ? Should the Veto system be abolished or not ? Support your answer with suitable argument.

17. "आपातकाल और इसके आसपास की अवधि को हम संवैधानिक संकट की अवधि के रूप में भी देख सकते हैं क्योंकि अधिकार क्षेत्र को लेकर छिड़ा संवैधानिक संघर्ष आपातकाल के मूल में था । दूसरी तरफ़ यह राजनीतिक संकट का भी दौर था । सत्ताधारी पार्टी के पास पूर्ण बहुमत था । फिर भी, इसके नेतृत्व ने लोकतंत्र को ठप्प करने का फैसला किया । भारतीय संविधान के निर्माताओं को विश्वास था कि सभी राजनीतिक दल लोकतांत्रिक मानकों का पालन करेंगे । उन्हें यह भी विश्वास था कि आपातकाल की स्थिति में भी सरकार अपनी असाधारण शक्तियों का इस्तेमाल विधि के शासन के दायरे में रहते हुए ही करेगी ।"

ऊपर दिए गए अवतरण का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(i) संवैधानिक संघर्ष, सरकार के किन दो अंगों के बीच था ?

(ii) 1975 में आपातकाल घोषित करने के कोई दो कारण स्पष्ट कीजिए ।

(iii) आपातकाल के दौरान हुई किन्हीं दो ज़्यादतियों को उजागर कीजिए । **5**

Study the passage given below carefully and answer the questions that follow :

"The Emergency and the period around it can be described as a period of constitutional crisis because it had its origins in the constitutional battle. On the other hand, it was also a period of political crisis. The party in power had absolute majority and yet, its leadership decided to suspend the democratic process. The makers of India's Constitution trusted that all political parties would basically abide by the democratic norm. Even during the Emergency, when the government would use extraordinary powers, its use would be within the norms of the rule of law."

(i) The constitutional battle was drawn between which two organs of the government ?

(ii) Explain any two reasons that led to the imposition of emergency in 1975.

(iii) Highlight any two excesses that took place during emergency.



www.careerindia.com

18. "विकास के जो दो जाने-माने मॉडल थे, भारत ने उनमें से किसी को नहीं अपनाया । पूँजीवादी मॉडल में विकास का काम होता है । भारत ने यह रास्ता नहीं अपनाया । भारत ने विकास का समाजवादी मॉडल भी नहीं अपनाया । इन दोनों ही मॉडल की कुछ एक बातों को ले लिया गया और अपने देश में इन्हें मिले-जुले रूप में लागू किया गया । इसी कारण भारतीय अर्थव्यवस्था को 'मिश्रित-अर्थव्यवस्था' कहा जाता है । खेती-किसानी, व्यापार और उद्योगों का एक बड़ा भाग निजी क्षेत्र के हाथों में रहा । राज्य ने अपने हाथ में भारी उद्योगों को रखा और उसने आधारभूत ढाँचा प्रदान किया । राज्य ने व्यापार का नियमन किया और कृषि के क्षेत्र में कुछ बड़े हस्तक्षेप किए ।"

ऊपर दिए गए अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) विकास के पूँजीवादी मॉडल की धारणा को स्पष्ट कीजिए ।

(ii) विकास के समाजवादी मॉडल की मुख्य विशेषता को उजागर कीजिए ।

(iii) भारत द्वारा अपनाए गए मिले-जुले मॉडल की आलोचना के किन्हीं तीन बिंदुओं की व्याख्या कीजिए । **1 + 1 + 3 = 5**

Study the following passage carefully and answer the questions that follow :

"India did not follow any of the two known paths to development – it did not accept the capitalist model of development, nor did it follow the socialist model. Elements from both these models were taken and mixed together in India. That is why it was described as 'mixed economy'. Much of the agriculture, trade and industry were left in private hands. The state controlled key heavy industries, provided industrial infrastructure, regulated trade and made some crucial interventions in agriculture."

(i) Explain the concept of the capitalist model of development.

(ii) Highlight the main feature of the socialist model.

(iii) Explain any three points of criticism against the mixed model adopted by India.

19. नीचे दिए गए अवतरण का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

"भारत की गुट-निरपेक्षता की नीति न तो नकारात्मक थी और न ही निष्क्रियता की । भारत शीतयुद्धकालीन प्रतिद्वंद्विता की जकड़ को ढीली करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मामलों में सक्रिय रूप से हस्तक्षेप करने के पक्ष में था । कुछ लोगों के मत में, गुट-निरपेक्षता कोई ऐसा अंतर्राष्ट्रीय उदार आदर्श नहीं जो भारत के वास्तविक हितों से मेल नहीं खाता । सच तो यह है कि गुट-निरपेक्ष दृष्टिकोण ने कई तरीकों से भारत का हित साधा है । दूसरी ओर, भारत की गुट-निरपेक्षता की नीति की आलोचना भी कई आधारों पर की गई है ।" **1 + 2 + 2 = 5**

(i) शीतयुद्धकालीन प्रतिद्वंद्वियों के बीच किसी एक ऐसे संघर्ष का उदाहरण दीजिए जहाँ भारत ने मध्यस्थता करके युद्ध करने वालों को शांत किया हो ।

(ii) गुट-निरपेक्षता ने किन दो तरीकों से भारतीय हितों को साधा है ?

(iii) भारत की गुट-निरपेक्षता की नीति के विरुद्ध आलोचना के किन्हीं दो बिंदुओं को उजागर कीजिए ।

www.careerindia.com

CAREERINDIA

Read the following passage carefully and answer the questions that follow :

"India's policy of non-alignment was neither negative nor passive. India was in favour of actively intervening in world affairs to soften Cold War rivalries. Non-alignment was not, as some suggest, a noble international cause, which had little to do with India's real interests. In fact, a non-aligned posture served India's interests in many ways. On the other hand, India's policy of non-alignment was criticized also on a number of counts."

(i) Give any one example of a conflict between the Cold War rivals where India mediated to soften the warring factions.

(ii) In which two ways did Non-alignment serve India's interest ?

(iii) Highlight any two points of criticism against the India's policy of non-alignment.

20.




ऊपर दिए गए कार्टून का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए तथा निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **1 + 2 + 2 = 5**

(क) शस्त्रधारी बलिष्ठ सैनिक किस देश का प्रतिनिधित्व करता है ?

(ख) उसकी वर्दी पर विभिन्न देशों के लिखे हुए नामों का क्या महत्त्व है ?

(ग) इस कार्टून से कौन सा महत्त्वपूर्ण संदेश मिल रहा है ?

CAREERINDIA

Study the cartoon given below carefully and answer the questions that follow :




(a) The mighty soldier with a weapon represents which country ?

(b) What is the significance of the names of various countries written on his uniform ?

(c) What important message does the cartoon convey ?

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **20** के स्थान पर है :

20.1 'वर्चस्व' की परिभाषा लिखिए।

20.2 सैन्य वर्चस्व तथा सांस्कृतिक वर्चस्व में अंतर स्पष्ट कीजिए।

20.3 अमरीकी वर्चस्व की किन्हीं दो बाधाओं को स्पष्ट कीजिए। **1 + 2 + 2 = 5**

**Note :** The following questions are for the **visually impaired candidates** only in lieu of Q. No. 20 :


20.1 Define 'hegemony'.

20.2 Differentiate between the hegemony of hard power and hegemony of soft power.

20.3 Explain any two constraints on the American hegemony.

www.careerindia.in

21.




दिए गए भारत के राजनैतिक रेखा–मानचित्र में पाँच राज्य Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ, Ⓓ तथा Ⓔ द्वारा दर्शाए गये हैं । इन सभी राज्यों का निर्माण 1956 के पश्चात् हुआ । नीचे दी गई जानकारी की सहायता से, इन राज्यों को पहचानिए तथा उनके सही नाम, प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या तथा संबंधित अक्षर को, नीचे दी गई तालिका के रूप में अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए :

| प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या | संबंधित अक्षर | राज्य का नाम |
|---|---|---|
| (i)<br>(ii)<br>(iii)<br>(iv)<br>(v) | | |

(i) यह राज्य वर्ष 1966 में बना ।


(ii) इस राज्य को वर्ष 1987 में बनाया गया ।

(iii) यह राज्य वर्ष 1960 में बनाया गया ।

(iv) यह राज्य वर्ष 2000 में अस्तित्व में आया ।

(v) इस राज्य को वर्ष 1972 में बनाया गया । 5

CAREERINDIA




In the given outline political map of India, five states have been marked as Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ, Ⓓ and Ⓔ. All these states were created after 1956. Identify them with the help of the information given below and write their correct names in your answer book along with the serial number of the information used and the concerned alphabet shown in the map as per the following table :

| Sr. No. of the information used | Alphabet concerned | Name of the State |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |
| (v) | | |

(i) The state came into existence in the year 1966.

(ii) The state was created in the year 1987.

(iii) The state was created in the year 1960.

(iv) The state came into being in the year 2000.

(v) The state was created in the year 1972.

www.careerindia

CAREERINDIA

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए** प्रश्न संख्या **21** के स्थान पर हैं :

21.1 राज्य पुनर्गठन आयोग अधिनियम कब पारित हुआ ?

21.2 1956 में राज्य पुनर्गठन आयोग द्वारा कितने राज्यों तथा कितने केंद्र शासित प्रदेशों का गठन किया गया ?

21.3 वर्तमान में, भारत में कितने राज्य तथा कितने केंद्र शासित प्रदेश हैं ? **1 + 2 + 2 = 5**

**Note :** The following questions are for the **Visually Impaired Candidates** only in lieu of Q. No. 21.

21.1 When was the States Reorganisation Act passed ?

21.2 How many States and the Union Territories were created by the States Reorganisation Commission in 1956 ?

21.3 How many States and the Union Territories are there in India at present ?

22. जन आन्दोलनों के किन्हीं तीन लाभों तथा तीन हानियों का वर्णन कीजिए। **3 + 3 = 6**

**अथवा**

बाहरी लोगों के विरुद्ध असम में 1979 से 1985 तक हुए आन्दोलन की किन्हीं चार विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

Describe any three advantages and three disadvantages of popular movements.

**OR**

Describe any four features of movement in Assam against outsiders from 1979 to 1985.

23. पर्यावरण संबंधी किन्हीं तीन मसलों पर भारत के पक्ष का विश्लेषण कीजिए। **3 × 2 = 6**

**अथवा**

वैश्वीकरण के राजनीतिक परिणामों का विश्लेषण कीजिए। **6**

Analyse India's stand on any three environmental issues.

**OR**

Analyse political consequences of globalization.

24. "सोवियत संघ के विघटन के पश्चात्, साम्यवादी देशों में से रूस के साथ, भारत के संबंध सबसे मजबूत रहे हैं।" कोई तीन उदाहरण देकर कथन की पुष्टि कीजिए। **3 × 2 = 6**

**अथवा**

नव अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था (एन.आई.ई.ओ.) की धारणा का जन्म कैसे हुआ ? 1972 में अल्प विकसित देशों को लाभ पहुँचाने के लिए, अंकटाड (यू.एन.सी.टी.ए.डी.) द्वारा कौन से चार सुधार प्रस्तावित किए गए ?

"Among the post-Communist countries after the disintegration of the Soviet Union, India's relations with Russia have been the strongest." Support the statement with any three examples.

**OR**

How did the idea of a New International Economic Order (N.I.E.O) originate ? In 1972, which four reforms were proposed by UNCTAD to benefit the Least Developed Countries' (LDCs).

www.careerindia.com

CAREERINDIA

25. चीन को तीव्र गति से वृद्धि करने वाली अर्थव्यवस्था बनाने के लिए चीन के नेतृत्व द्वारा उठाए गए किन्हीं चार कदमों का वर्णन कीजिए । **6**

**अथवा**

भारत और पाकिस्तान के बीच विवाद के किन्हीं चार मुद्दों का वर्णन कीजिए ।

Describe any four steps taken by Chinese leadership to make it a fastest growing economy.

**OR**

Describe any four issues of conflict between India and Pakistan.

26. 1989 के पश्चात, भारतीय राजनीति में आए किन्हीं चार मुख्य बदलावों का विश्लेषण कीजिए । **$4 \times 1\frac{1}{2} = 6$**

**अथवा**

1985 में हुए, राजीव गांधी–लोंगोवाल समझौते के मुख्य प्रावधानों का परीक्षण कीजिए । पंजाब में शांति बहाली के लिए यह समझौता कहाँ तक सफ़ल हुआ ? स्पष्ट कीजिए । **4 + 2 = 6**

Analyse any four major developments in Indian politics after 1989.

**OR**

Examine the main provisions of the Rajiv Gandhi-Longowal Accord of 1985. How far was the Accord successful in bringing back normalcy in Punjab ? Explain.

27. 1997 के बाद संयुक्त राष्ट्र के सदस्यों द्वारा सुरक्षा परिषद का स्थायी अथवा अस्थायी सदस्य बनने के लिए प्रस्तावित किन्हीं छः मानदण्डों को स्पष्ट कीजिए । **3 + 3 = 6**

**अथवा**

सुरक्षा की अपारंपरिक धारणा के अंतर्गत मानवता की सुरक्षा तथा वैश्विक सुरक्षा की व्याख्या कीजिए ।

Explain any six points of new criteria for becoming a permanent or Non-permanent member of Securing Council as proposed by members of UN since 1997.

**OR**

Explain non-traditional notions of human security and the global security.

---

www.careerindia.com